Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to conduct the survey of railway line to connect Kasganj to Kathgodam and Etah to Lucknow.

श्री राजवीर सिंह (राजू भैय्या) (एटा) : अध्यक्ष जी, आपने आज मुझे बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आपने आज ही समय मांगा है, पहले मांगा भी नहीं है।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैं तो सबको, रात तक बोलने के लिए समय देता हूं।

…(व्यवधान)

श्री राजवीर सिंह (राजू भैय्या) : अध्यक्ष जी, मैं आपका बहुत-बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया।

मेरी लगातार सात साल से एक ही डिमांड है। एटा और कासगंज – ये दोनों जिले आपस में लगते हैं। आज तक वहां रेलवे लाइन का विस्तार नहीं हो पाया है। बार-बार वह रेलवे लाइन सर्वे में तो आ जाती है, लेकिन वहीं की वहीं रुक जाती है। जो रेलवे के अधिकारी हैं, वे केवल 28 किलोमीटर का नफ़ा-नुकसान दिखाते हैं। मैं उन अधिकारियों से और माननीय रेल मंत्री जी से कई बार मिल चुका हूं और उनसे कहा है कि वे कासगंज से लेकर काठगोदाम तक और एटा से लेकर लखनऊ तक ट्रेन चलाने के लिए इस रेलवे लाइन का सर्वे कराइए।

मैं आपके माध्यम से यह निवेदन करना चाहता हूं। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष: संसदीय कार्य मंत्री जी क्या कहते हैं, यह उनसे पूछ लेते हैं।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: पहले माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी बोलेंगे। आप उनसे आग्रह करो, वे समय दे देंगे।

…(व्यवधान)

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल): हमारे संसदीय कार्य मंत्री श्री प्रहलाद जोशी इस अवसर पर कुछ बोलना चाहेंगे। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: वे कहेंगे तो और लोगों को बोलने की इजाज़त दे देंगे।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: प्रहलाद जोशी जी, आप बोलिए।

…(व्यवधान)

संसदीय कार्य मंत्री; कोयला मंत्री तथा खान मंत्री (श्री प्रहलाद जोशी) : माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे दो मिनट दिए हैं। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: नहीं, मैंने आपका समय तय नहीं किया है।

…(व्यवधान)